बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-211
25/03/2023

# मुख्यमंत्री ने अमर स्वतंत्रता सेनानी स्व0 पंडित रामानन्द तिवारी जी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की

पटना, 25 मार्च 2023 :– अमर स्वतंत्रता सेनानी स्व0 पंडित रामानन्द तिवारी जी की जयंती के अवसर पर आयोजित राजकीय समारोह में मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने गाँधी मैदान पटना के उत्तर पश्चिम कोने पर स्थित उनकी आदमकद प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, परिवहन मंत्री श्रीमती शीला कुमारी, सांसद श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, स्व0 पंडित रामानन्द तिवारी के पुत्र एवं पूर्व सांसद श्री शिवानंद तिवारी तथा उनके पौत्र एवं विधायक श्री राहुल तिवारी, पूर्व मंत्री श्री विक्रम कुंवर, बिहार राज्य नागरिक परिषद् के पूर्व महासचिव श्री अरविंद कुमार सिंह सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने भी स्व0 पंडित रामानन्द तिवारी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपनी श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती पूजन, भजन–कीर्तन, बिहार गीत एवं देशभक्ति गीत के कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये।

******